# 6th JPSC Mains - Model Paper– 1

## प्रश्न पत्र–V

## भारतीय अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और सतत् विकास

समय: 3 घंटे | पूर्णांक: 200

## भारतीय अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और सतत् विकास

**प्रश्न पत्र 5 खंडों में विभाजित है। खंड-I अनिवार्य है। खंड-I में कुल 20 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। खंड-II, III, IV एवं खंड-V में प्रत्येक में दो वैकल्पिक प्रश्न दिये गए जिनमें अभ्यर्थियों को प्रत्येक खंड से केवल एक-एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। कुल 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

### खंड-I

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें: अंक : 40 (20 × 2)**

(i) वैसी मुद्रास्फीति जो दोहरी अथवा तिहरी संस्थाओं पर चलती है, उसे कहा जाता है–

(a) अति मुद्रास्फीति (b) सरपट मुद्रास्फीति

(c) अल्प मुद्रास्फीति (d) इनमें से कोई नहीं।

(ii) किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की गई-

(a) 1998 (b) 1996

(c) 1995 (d) 2000

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर है?

(a) उपहार कर (b) सीमा शुल्क

(c) सेवा कर (d) बिक्री कर

(iv) भारतीय रिज़र्व बैंक के निम्नलिखित में कौन-सा/से कार्य है/हैं?

(a) बैंकों के बैंक का कार्य करना

(b) सरकारी बैंकर का कार्य करना

(c) बैंकों के बैंकर का कार्य करना

(d) उपरोक्त सभी

(v) मानव विकास सूचकांक के संकेत हैं-

(a) प्रतिव्यक्ति आय

(b) शैक्षणिक स्तर

(c) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा

(d) उपरोक्त सभी

(vi) सतत् विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना के दौरान चर्चा में रही?

(a) 12वीं (b) 10वीं

(c) 11वीं (d) 9वीं

(vii) भारत में हरित क्रांति के जनक हैं-

(a) अमर्त्य सेन (b) डॉ. स्वामीनाथन

(c) डॉ. नार्मन बोरलॉग (d) डॉ. वर्गीज कुरियन

(viii) प्रथम पंचवर्षीय योजना में किस क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई थी?

(a) भारी एवं मूलभूत उद्योग

(b) गरीबी उन्मूलन

(c) कृषि

(d) आत्मनिर्भरता एवं आधुनिकीकरण

(ix) सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत की गई–

(a) 1950 (b) 1960

(c) 1948 (d) 1952

(x) बहुआयामी गरीबी सूचकांक प्रारंभ किया गया–

(a) 2012 (b) 2010

(c) 2009 (d) 2016

(xi) 12वीं पंचवर्षीय योजना में उद्योग क्षेत्र के विकास के लिये कितने प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था?

(a) 10.5% (b) 10%

(c) 9% (d) 4.2%

(xii) पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों के विस्तार) अधिनियम (पेसा) लागू किया गया था–

(a) 1995 (b) 1990

(c) 1992 (d) 1996

(xiii) भारत निम्नलिखित में से विश्व बैंक की किस संस्था का सदस्य नहीं है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक

(b) अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी

(c) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम

(d) अंतर्राष्ट्रीय निवेश विवाद निपटारा केंद्र

(xiv) भारत में विमुद्रीकरण के दौरान निम्नलिखित नोटों को चलन से बाहर कर दिया गया था–

(a) ₹ 500 (b) ₹1000

(c) ₹ 500, ₹1000 (d) इनमें से कोई नहीं

(xv) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को प्रारंभ किया गया है–

(a) अप्रैल 2015 में (b) मार्च 2015 में

(c) फरवरी 2015 में (d) जनवरी 2015 में

(xvi) भारत में गरीबी अनुमानों का आधार है-

(a) प्रति व्यक्ति आय

(b) प्रति व्यक्ति व्यय

(c) परिवार का उपभोग व्यय

(d) इनमें से कोई नहीं।

(xvii) 2011 की जनगणना के आधार पर झारखंड का लिंगानुपात है–

(a) 932 (b) 949

(c) 972 (d) 943

(xviii) झारखंड में तेजस्विनी योजना का उद्देश्य है–

(a) किशोरियों एवं युवा महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण एवं रोज़गार का विकास करना।

(b) ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

(c) अनुसूचित जनजाति के लड़कों एवं लड़कियों को निःशुल्क कॅमर्शियल प्रशिक्षण देना।

(d) इनमें से कोई नहीं।

(xix) 'इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' रिपोर्ट जारी करता है–

(a) विश्व बैंक (b) यून.एन.डी.पी.

(c) आई.एम.एफ. (d) डब्ल्यू.ई.एफ.

(xx) झारखंड औद्योगिक पार्क नीति निम्नलिखित में से किस वर्ष बनी?

(a) 2016 (b) 2015

(c) 2014 (d) 2017

## खंड II

## भारतीय अर्थव्यवस्था की मौलिक विशेषताएँ

**2.** **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) जीडीपी, जीएनपी, एनएनपी, जीएसडीपी, एनएसडीपी को परिभाषित कीजिये।

(b) जनसांख्यिकी लाभांश क्या है? यह किस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहा है?

या

(a) निम्नलिखित पर टिप्पणी करें–

(i) आनुपातिक कर एवं इसके गुण-दोष

(ii) प्रगतिशील कर एवं इसके गुण-दोष

(iii) वैट (VAT) की अवधारणा

(iv) वस्तु एवं सेवा कर (GST) की अवधारणा

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्त्व का उल्लेख कीजिये तथा निम्न फसल उत्पादकता के कारणों की चर्चा करते हुए सरकार द्वारा उत्पादन में वृद्धि के लिये उठाए गए कदमों की व्याख्या कीजिये।

## खंड III

## सतत् विकास, आर्थिक मुद्दे और भारतीय विकास की रणनीति

**3.** **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) समावेशी विकास का अर्थ समझाते हुए यह बताएँ कि क्या यह पिछड़े तबकों को विकास की मुख्यधारा में ला सकता है।

(b) पंचायती राज संस्थाओं का विकेंद्रित नियोजन में कहाँ तक योगदान है? व्याख्या करें।

या

(a) अनाज का समुचित भंडारण भारत में एक बड़ी समस्या है, भंडारण की सही व्यवस्था न होने की वजह से खाद्य सुरक्षा में संकट उत्पन्न हो रहा है। क्या आप इस बात से सहमत हैं?

(b) निर्धनता किसी भी देश के लिये अभिशाप से कम नहीं होती है, सरकार इस समस्या से निपटने के लिये कौन-से कदम उठा रही है? समीक्षा करें।

## खंड IV

## आर्थिक सुधारों का स्वरूप तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रभाव

**4.** **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) भारत में वित्तीय एवं बैंकिंग सुधारों की आवश्यकता क्यों पड़ी? इसका विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिये।

(b) विनिवेश से आप क्या समझते हैं? सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का विनिवेश करने के पीछे सरकार की क्या मंशा रही है? वर्णन कीजिये।

या

(a) सुधार-युग के उपरांत भारत के औद्योगीकरण में सार्वजनिक क्षेत्र की क्या भूमिका रही है? वर्णन कीजिये।

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का क्या प्रभाव पड़ा? इसका भारत के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़े सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों की समीक्षा कीजिये।

## खंड V

## झारखंड की अर्थव्यवस्था: विशेषताएँ, मुद्दे, चुनौतियाँ तथा रणनीति

**5.** **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) कुपोषण से आप क्या समझते हैं? झारखंड में कुपोषण की समस्या से बहुत से बच्चों की मृत्यु समय से पहले हो रही है। कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिये सरकार ने कौन-कौन से कार्यक्रम चलाए हैं? व्याख्या कीजिये।

(b) झारखंड में जिस तरह से विकास हो रहा है, कहीं-न-कहीं विस्थापन की समस्या झारखंड के निवासियों को प्रभावित करती है, सरकार द्वारा इनके पुनर्वास के लिये कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं? व्याख्या करें।

या

(a) झारखंड के जनजातीय लोगों की अपनी भूमि के हस्तांतरण ने उनके सामने जंगल और ज़मीन की समस्या खड़ी कर दी है, चर्चा करते हुए बताएँ कि इनकी ज़मीन के संरक्षण के लिये सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

(b) झारखंड में हुए औद्योगिक विकास का सविस्तार वर्णन कीजिये।